भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2751
उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

खेलो इंडिया निधि का उपयोग

2751. श्री सुखदेव भगत:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2025-26 के दौरान खेलो इंडिया योजना के लिए 1000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं;

(ख) क्या विभिन्न वर्षों के दौरान आवंटित 122.30 करोड़ रुपये की कुछ धनराशि वापस कर दी गई थी और 38-79 करोड़ रुपये की विपथित निधि अव्ययित रह गई या उसे अन्य कार्यों में लगा दिया गया, जिससे इसका कार्यान्वयन प्रभावित हुआ;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा अवसंरचना और एथलीट सहायता हेतु बजट आवंटन का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव है और इस संबंध में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) वर्ष 2025-26 के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत बजट अनुमान (बी.ई.) चरण में 1000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था, जिसे संशोधित अनुमान (आर.ई.) चरण में घटाकर 700 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

(ख) से (घ): निधि प्रवाह प्रणाली को केंद्रीय नोडल एजेंसी (सी.एन.ए.) आधारित प्रणाली से ट्रेजरी सिंगल अकाउंट (टी.एस.ए.) आधारित प्रणाली में परिवर्तित करने के कारण खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 122.33 करोड़ रुपये की राशि अव्ययित शेष के रूप में

वापस की गई थी। तथापि, 122.33 करोड़ रुपये की अव्ययित शेष राशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत विभिन्न खेल अवसंरचना और अन्य गतिविधियों में उपयोग हेतु उपलब्ध करा दी गई है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एन.एस.यू.) की निधि आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु खेलो इंडिया स्कीम से 154.25 करोड़ रुपये का पुनः विनियोजन किया गया था।

*****